


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 259 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 05 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया



### करणी सेना परिवार की पत्रकार वार्ता...

## प्रशासन पर गंभीर आरोप, आज एसपी कार्यालय घेराव की चेतावनी

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** करणी सेना परिवार द्वारा गुरुवार को मंदसौर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह झाला ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए आगामी रणनीति की जानकारी साझा की। पत्रकार वार्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होटल ऋतुवन में आयोजित होना थी। लेकिन, करणी सेना परिवार के अनुसार, प्रशासन द्वारा होटल प्रबंधन पर दबाव बनाकर कार्यक्रम को रद्द करवाया गया। इसके विरोध में करणी सेना ने सड़क पर ही पत्रकार वार्ता आयोजित की, जिसमें कई पत्रकार और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री झाला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के खिलाफ भावगढ़ थाने में लगातार फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उनका कहना था कि यह सब सरकार और प्रशासन में बैठे कुछ प्रभावशाली लोगों के इशारे पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दर्ज एक झूठे मुकदमे की पूरी जानकारी और दस्तावेज पुलिस अधीक्षक मंदसौर को सौंपे जा चुके हैं। जिनमें यह स्पष्ट है कि श्री शेरपुर का उस प्रकरण से कोई संबंध नहीं था। बावजूद इसके प्रशासन ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की और अब एक बार फिर बिना आधार के नया मामला दर्ज कर दिया गया है।

श्री झाला ने कहा, यह लड़ाई अब केवल जीवन सिंह शेरपुर की नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की है जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है। करणी सेना डरने वाली नहीं है, अब यह संघर्ष निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुका है। करणी सेना परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन 05 जुलाई तक जीवन सिंह शेरपुर का नाम फर्जी मामले से वापस नहीं लेता दोपहर 12 बजे एसपी कार्यालय मंदसौर का घेराव किया जाएगा। इसके साथ ही वहीं पर आमरण अनशन की शुरुआत की जाएगी।

संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन पूर्णत: शांतिपूर्ण होगा। लेकिन, उसका स्वरूप साहसिक और निर्णायक रहेगा। इस घेराव में प्रदेश भर से करणी सेना के कार्यकर्ता और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। करणी सेना परिवार ने प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### एनसीईआरटी की किताबों में खेल..

# एक क्लास, एक स्कूल और दाम अलग-अलग

## नकली किताबों के गणित में दुकानदारों का मोटा कमीशन

**मंदसौर, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के निजी इंग्लिश स्कूल की कक्षा केजी वन का कोर्स नाकोड़ा स्टेशनरी पर 1200 रुपए का है। वही कोर्स अगर दूसरी स्टेशनरी दुकान से लिया जाएगा तो इसका दाम 1400 रुपए होगा। इसके अलावा अन्य स्कूलों और कक्षाओं की किताबों का विभिन्न स्टेशनरी पर अलग-अलग दाम है। मतलब साफ है कि एनसीईआरटी की किताबों में भी जमकर धांधली चल रही है। अभी तक सीबीएसई स्कूलों की किताबों में कमीशन के खेल से अभिभावक परेशान थे। कलेक्टर ने प्रयास कर पुस्तक मेला लगवाया। जिससे पूरी तरह नहीं, लेकिन कुछ राहत जरुर अभिभावकों को मिली। लेकिन, एनसीईआरटी की किताबों में भी अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इसमें भी असली और नकली किताबों के गणित के बीच दुकानदारों का मोटा कमीशन अभिभावकों को आर्थिक चोट पहुंचा रहा है।

### किताबों की क्वालिटी में फर्क...

नैना और अंजली दोनों छठवीं कक्षा में पढ़ती हैं। उनके स्कूल की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्धता है। दोनों के पास राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की गणित की किताब है। मगर किताबों में जमीन-आसमान का अंतर है। नैना के पास जो किताब है, उसके पन्ने चमकदार हैं, कवर पर सामने और पीछे सुंदर प्रिंट है। कंटेंट साफ-सुथरा और पूरा छपा हुआ है। दूसरी तरफ अंजली की किताब के पन्ने बेहद पतले हैं और प्रिंटिंग भी खराब है। पीछे के कवर का कंटेंट पूरी तरह गायब है। खास बात ये है कि दोनों किताबों की कीमत एक ही है। आखिर उसी कीमत में एक किताब की क्वालिटी अच्छी और दूसरी की घटिया कैसे? दरअसल, नैना की किताब असली है यानी एनसीईआरटी ने इसे छापा है। अंजली की किताब नकली है। ये ओरिजिनल किताब के कंटेंट को कॉपी कर घटिया पन्नों पर छापी गई है। आखिर ये किताबें कहां से आ रही हैं? कौन इन्हें छाप रहा है? इससे दुकानदारों को क्या फायदा, जबकि पेरेंट्स और बच्चों को कितना नुकसान हो रहा है? यह क्वालिटी का अंतर ऐसे कई सवालों को जन्म दे रहा है।

### दुकानदारों को मिलता है 20 फीसदी ज्यादा कमीशन...

एनसीईआरटी की किताबों के एक होलसेलर ने नाम न बताते हुए कहा कि बाजार में नकली किताबों को बेचने पर मोटा कमीशन मिलता है। सरकारी सप्लायर से मिलने वाला मार्जिन केवल 10 से 12 फीसदी होता है। जबकि, नकली किताबें बेचने पर कमीशन 28 से 30 फीसदी तक पहुंच जाता है। ज्यादा कमीशन मिलने की वजह यह होती है कि ये किताबें रिसाइकल्ड या सस्ते, पतले कागज पर छपती हैं, जिससे प्रिंटिंग लागत बहुत कम हो जाती है। इसमें जो इंक इस्तेमाल होती है, वह घटिया होती है। प्रिंटिंग क्वालिटी भी अच्छी नहीं होती।

### कॉपीराइट एक्ट के उल्लंघन पर तीन साल की सजा...

कॉपीराइट एक्ट 1957 के सेक्शन 51 और 63 में प्रावधान है कि अधिकृत या एनसीईआरटी जैसे जो प्रकाशक हैं, इनकी किताबों की नकली कॉपी बाजार में नहीं आ सकती। अगर ऐसा होता है तो ये कॉपीराइट एक्ट का उल्लंघन है। इसमें दो लाख तक का जुर्माना और तीन साल की सजा हो सकती है। यदि कॉपी करने वाले ज्यादा दाम में किताब बेचते हैं, तो ऐसे लोगों पर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया जा सकता है। जिन छात्रों को भी ये किताबें बेची जाती हैं, वो भी इनके खिलाफ शिकायत कर सकते हैं।



### महिला की हत्या कर शव नदी में फैंक दिया था...

# हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में, शव को कब्र से निकाला



**मंदसौर, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाना क्षेत्र के राम नगर गांव स्थित चंबल नदी में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने पर्दाफाश कियाहै। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला शादी का दबाव बना रही थी। इसलिए उसने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। वहीं शव को कब्र से निकालकर परिजनों को सौंपा गया है।

गरोठ थाना क्षेत्र के रामनगर- बर्रामा गांव के बीच चंबल नदी के पास 29 जून को एक महिला का शव मिला। मृतका की पहचान गरोठ निवासी 21 वर्षीय रानू मेहर के रूप में हुई। रानू के परिजनों ने 25 जून को गरोठ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने कराड़िया का खेड़ा निवासी 26 वर्षीय रामनिवास मेहर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने हत्या के बाद शव रामनगर नदी में फेंक दिया था। पोस्टमॉर्टम के बाद गरोठ की अंजलि नदी के पास कब्रिस्तान में दफना दिया था। शुक्रवार शाम 04 बजे नायब तहसीलदार जिनेंद्र कुमार निगम की मौजूदगी में शव को निकाला गया। मौके पर नगर परिषद के कर्मचारी, पुलिस बल और ग्रामीण भी थे।

थाना प्रभारी हरीश मालवीय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और डीएनए टेस्ट से मृतका की पहचान सुनिश्चित की गई। मृतका के परिजन गुमशुदगी के बाद से लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। वे पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे थे। शुक्रवार शाम 4 बजे पुलिस ने कब्रिस्तान से शव को निकालकर परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि रामनिवास पिता उदयराम सोलंकी निवासी कराड़िया भी रानू मेहर की गुमशुदा दिनांक से गांव से गायब था। संदेही रामनिवास पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने बताया कि रानू और आरोपी राम निवास दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। परंतु सामाजिक बंधन के कारण उनकी शादी संभव नहीं थी। परंतु रानू बार बार रामनिवास के साथ रहने व उससे शादी का दबाव बना रही थी। इस पर रामनिवास ने रानू मेहर को उसके घर से बुलाकर जंगल में ले जाकर रानू का गला दबाकर हत्या कर दी।

## बेटा ही निकला हत्यारा

### जमीन बंटवारे को लेकर पिता को उतारा मौत के घाट

**गरोठ, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम कछालिया में हुई सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पिता की हत्या के आरोप में उसी के बेटे को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 02-03 जुलाई 2025 की रात ग्राम कछालिया निवासी बालाराम धनगर उम्र 65 वर्ष की उनके खेत पर बने टीन शेड में हत्या कर दी गई थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फावड़े और कृषि उपकरणों से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गरोठ थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि मृतक बालाराम अपने पुत्र राजु उर्फ राजाराम धनगर के साथ खेत में सोया हुआ था। लेकिन, सुबह केवल पिता का शव मिला और बेटा फरार था। पुलिस ने शक के आधार पर राजू को हिरासत में लिया और सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। राजू ने बताया कि पिता द्वारा जमीन का बंटवारा नहीं करने और उसे हिस्सा न देने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। गुस्से में आकर उसने खेत में रखे फावड़े और अन्य कृषि उपकरणों से हमला कर पिता की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।





# मासूम को इंसाफ दिलाने दिल से बंद रहा मंदसौर

## बाजार रहे सूनसान, दोपहर बाद मौन रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन, हत्यारों को फांसी की मांग





**मंदसौर, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। बिटियां हम शर्मिंदा है.. तेरे दोषी जिंदा है... बिटिया के सम्मान में... हम सब है मैदान में... इन नारों से शुक्रवार को मंदसौर गूंज उठा। मामला था दुष्कृत्य की शिकार मासूम के गुनहगारों की फांसी की सजा रद्द कर आजीवन कारावास में बदलने का। मासूम को इंसाफ दिलाने के लिए सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। आश्चर्य यह है कि इनमें न कांग्रेस...न भाजपा...न कोई समाज और न कोई वर्ग... दिखाई दिया। दिखाई दे रही थी तो इंसाफ के लिए एक जुटता।**

गुरुवार को हुई बैठक में सर्व समाज से जुड़े पदाधिकारियों ने कोर्ट के इस फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपियों को फांसी की जगह उम्रकैद की सजा देना न्याय नहीं, अन्याय है। आरोपियों को फांसी की सजा की मांग को लेकर शुक्रवार सुबह 10 बजे गांधी चौराहा स्थित विश्वपति शिवालय पर लोग एकत्रित हुए। इसके बाद यहां से शहर बंद की अपील के लिए रवाना हुए। दोपहर बाद आजाद चौक से एक रैली निकाली गई। मौन रैली पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंची। यहां सर्व समाज ने मिलकर ज्ञापन दिया। इसमें सभी समाजों की ओर से आरोपियों को फांसी दिलाने की मांग की गई।

### पूर्णतः बंद रहे बाजार...

बंद का आव्हान सिर्फ सोशल मीडिया पर संदेश जारी कर किया गया था। इसके बाद भी लोगों ने बंद का खासा समर्थन दिया। बस स्टैंड, घंटाघर, सदर बाजार, रामटेकरी, संजीत रोड़, खानपुरा सहित शहर के प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा देखा गया। व्यापार- व्यवसाय बंद रख लोग रैली और ज्ञापन में शामिल हुए।

### यह है मामला...

हाल ही में मंदसौर कोर्ट ने 26 जून 2018 को 7 वर्षीय बालिका से हुए दुष्कर्म के बहुचर्चित केस में आरोपी इरफान व आसिफ को जिंदगीभर जैल की सुजा सुनाई है। जबकि, इससे पहले सेशन कोर्ट व उसके बाद हाईकोर्ट दोनों आरोपियों को फांसी की सजा सुना चुका था। फिर सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2025 में डीएनए रिपोर्ट को पर्याप्त न मानकर इसकी जांच करने वाले साइंटिफिक एक्सपर्ट के कोर्ट में बयान होना भी जरूरी बताए थे। इसके बाद मामला निचली अदालत भेजा था।

### मामला मंडी व्यापारी दीपक जैन की सड़क हादसे में हुई मौत का...

# शवयात्रा रोककर लोगों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने दिया कठोर कार्यवाही का आश्वासन





**मंदसौर, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। गुरुवार को मंडी व्यापारी दीपक जैन को कलेक्टोरेट रोड पर लापरवाही पूर्वक चार पहिया वाहन चालक डॉक्टर ऋषिन पंड्या ने टक्कर मार दी। जिससे दीपक जैन की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। इस मामले में शुक्रवार को शव यात्रा को रोककर सड़क पर चक्काजाम किया गया। सकल जैन समाज सहित अन्य लोगों ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। एएसपी गौतम सोलंकी ने विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया।**

स्व. दीपक जैन की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बीपीएल चौराहा पर पहुंचते ही शवयात्रा को रोककर लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया। इसके बाद एएसपी गौतम सोलंकी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों ने आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। लोगों ने यहां एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कहा गया कि मामले में टक्कर मारने वाले कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए, ताकि अन्य कोई भी इस प्रकार का कृत्य करने से पहले सौ बार सोचे। स्व. दीपक जैन के परिवार में माता, पिता, पत्नी व दो पुत्र है।

परिवार की समस्त जिम्मेदारी भी दीपक पर ही थी, ऐसे में दीपक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट चुका है। दीपक जैन एक जिम्मेदार नागरिक थे। गुरूवार को भी वे अपने ईवी गाडी से नियमों का पालन करते हुए संयमित गति से चल रहे थे, लेकिन कार चालक द्वारा अनियंत्रित लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए दीपक जैन को पीछे से टक्कर मार दी। सकल जैन समाज मंदसौर मांग करता है कि उक्त कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जायें। कुछ माह पूर्व वायडी नगर थाने के पास भी ऐसा ही घटनाक्रम हुआ था। जिसमें भी कार चालक पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। ऐसे में इस मामले में भी गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाकर पीड़ित परिवार की न्याय दिलाया जाये।

# दिन भर छाए रहे बादल, आज फिर बारिश का अलर्ट

**मंदसौर, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में शुक्रवार को भी बादल छाए रहे। लेकिन, बादल बारिश का संकेत कर रहे थे। हालांकि देर शाम तक बारिश नहीं हुई। इधर आज 05 जुलाई को मंदसौर में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल मानसूनी द्रोणिका मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है। अलग-अलग स्थानों पर चार मौसम प्रणालियां भी सक्रिय हैं। इस वजह से अधिकतर जिलों में रुक-रुककर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मानसून द्रोणिका वर्तमान में बीकानेर, श्योपुर, खजुराहो, डाल्टनगंज, दीघा से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। पश्चिमी राजस्थान के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात सक्रिय है। पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तरी ओडिशा पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है, जो दक्षिण-पश्चिम की तरफ झुका हुआ है।

### मंदसौर सहित इन जिलों में बारिश की चेतावनी...

मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। मौसम विभाग ने 05 जुलाई के लिये प्रदेश के 29 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पन्ना, दमोह, सतना, मऊगंज, सीधी, रीवा, जबलपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वही झाबुआ, रतलाम, राजगढ़, मंदसौर, हरदा, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, बालाघाट, पांढुर्णा, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, मंडला, सिंगरौली, छतरपुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, मुरैना, भिंड, निवाड़ी में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## चलती ट्रेन से गिरा सरपंच पति, एक पैर कटा

**पिपलिया मंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात वीरभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से एक युवक नीचे गिर गया। हादसे में युवक का एक पैर कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद घायल को उपचार के लिए बड़े अस्पताल भिजवाया गया। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि घायल की पहचान बोतलगंज निवासी सरपंच पति शाहरुख पिता साबिर उम्र 38 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पिपलिया मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की वजह और घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

विचार-मंथन

# क्या अमेरिका मानेगा भारत की बात?



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता वार्ता महत्वपूर्ण चरण में है। दोनों पक्ष इस समझौते के अंतरिम प्रारूप को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। कई मसलों पर द्विपक्षीय सहमति बन गई है, लेकिन कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर पेच फंसता नजर आ रहा है। अमेरिकी शुल्क नौ जुलाई से लागू हो जाने की संभावना के बावजूद भारत अपने हितों से कोई समझौता नहीं करना चाहता है। इस सिलसिले में वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव की अगुवाई में वाशिंगटन गए भारतीय दल ने इसके साफ संकेत दिए हैं। हालांकि, भारत चाहता है कि यह व्यापार समझौता जल्द से जल्द हो, लेकिन किसी दबाव में देश के हित की कीमत पर नहीं। इसमें दोराय नहीं कि अगर यह व्यापार समझौता सिरे चढ़ता है तो इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मगर, इसके लिए दोनों पक्षों को परस्पर हितों का सम्मान करना होगा, जो अमेरिकी पक्ष की ओर से फिलहाल कुछ मुद्दों पर नजर नहीं आ रहा है। दरअसल, अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में व्यापक पहुंच और शुल्क छूट की मांग कर रहा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार तनाव के कारण अमेरिका अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में निर्यात करना चाहता है। लेकिन भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारत में करोड़ों किसान अपनी आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनकी जोत का आकार काफी छोटा है। भारत इन क्षेत्रों को लेकर संतुलित समझौते की मांग कर रहा है, ताकि ग्रामीण रोजगार और खाद्य सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे सुरक्षित रह सकें। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) की एक रपट में भी भारत की इन चिंताओं का समर्थन कर इन्हें तथ्यों पर आधारित माना गया है। रपट के मुताबिक, अमेरिका को कृषि और डेयरी क्षेत्रों में व्यापक पहुंच उपलब्ध कराने से भारत में कृषि पर निर्भर करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए इस चरण की वार्ता को इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका की ओर से लगाया गया 26 फीसद अतिरिक्त शुल्क नौ जुलाई के बाद लागू हो सकता है। अमेरिका ने इस साल दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे नब्बे दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का दस फीसद मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 फीसद शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। यहां गौर करने वाली बात है कि भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में अपने डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। ऐसे में अमेरिका को भारत की चिंताओं को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा। अमेरिका डेयरी और कृषि क्षेत्र के अलावा मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन और पेट्रोरसायन उत्पादों पर शुल्क में भी रियायत चाहता है। वहीं, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डालर से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 500 अरब डालर तक पहुंचाना है। यह बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी हो सकती है और उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरका, भारत की चिंताओं को समझकर कदम आगे बढ़ाएगा।

## दो पक्षों में मारपीट, क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उधारी के रुपए को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया। डोरवाड़ा निवासी नरेन्द्रसिंह सौंधिया ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में विनोद बागरी से उधार दिए रुपए लेने गया था। इसी दौरान वहां विनोदसिंह पिता रामसिंह सौंधिया मिला वह भी विनोद से रुपए लेने आया था। वह मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। और पत्थर की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने विनोदसिंह पर केस दर्ज किया। इसी तरह विनोदसिंह सौंधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैंने नरेन्द्रसिंह को 13 हजार रुपए उधार दिए थे। नरेन्द्रसिंह घर के बाहर निकल रहा था। उधार दिए रुपए मांगे तो गाली-गलौज की व पत्थर की सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने नरेन्द्रसिंह पर भी केस दर्ज किया।

## डोडाचूरा तस्करी में फरार आरोपियों की तलाश जारी

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा तस्करी केमामले में दो फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी 10 दिन बाद भी पुलिस पकड से दूर है। जानकारी के अनुसार मल्हारगढ पुलिस ने 23 जून 2025 को कार (आरजे 19 सीजे 3669) से 5 कट्टों में भरा एक क्विंटल डोडाचूरा बरामद कर महिपाल पिता बीरबलराम विश्नोई निवासी सदरी राजाला, थाना लोहावट, जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया था। मामले में आरोपी रिमाण्ड अवधि केबाद जेल में है। पूछताछ केदौरान आरोपी ने बताया था किवह उक्त डोडाचूरा तुरकिया निवासी राहुलसिंह उर्फ वीरेन्द्रसिंह पिता उदयसिंह सौंधिया से लाया था तथा उदयनगर जोधपुर निवासी सुरेश विश्नोई को देने जा रहा था। पुलिस ने इन दोनों को भी आरोपी बनाया था। जो घटना दिनांक से ही फरार है। पुलिस ने आरोपियों को पकडने के लिए दविश भी दी, लेकिन आरोपी नही पकडे जा सके। मल्हारगढ टीआई राजेन्द्र पंवार के अनुसार फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## सरिए से चोट पहुंचाई

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट कर सरिए से हमला करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। रुपी निवासी गीताबाई पति पन्नालाल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि नाली का पानी निकालने के विवाद में पडोसी रामसिंह प्रभुलाल बावरी ने मेरे लडके प्रकाश के साथ मारपीट की मुझे लोहे के सरिए की सिर पर मारी। जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपी रामसिंह पर केस दर्ज किया।

## 05 पेटी शराब व 02 पेटी बीयर जप्त

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बाइक सवार नाबालिग से पांच पेटी देशी शराब व दो पेटी बीयर बरामद हुई। एक आरोपी मौके से भाग निकला। नारायणगढ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरखेडा वीरपुरिया फन्टे पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका, जिसमें एक मौके से भाग निकला, वहीं दूसरा पकडा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी नाबालिग निकला, जिसने मौकेसे भागने वाले व्यक्ति का नाम तुरकिया निवासी महिपालसिंह होना बताया। बाइक सवार के कब्जे से पांच पेटी देशी शराब (36 लीटर) व दो पेटी बीयर (24 लीटर) बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## मारपीट, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मोबाइल पर कॉल करने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी दशरथ राठौर ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि योगेश उर्फ सोनू राठौर ने मोबाइल पर कॉल की व विवाद किया। बाद में घर के बाहर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया।

# प्रकृति का संरक्षण ही भगवान की पूजा है-जोशी

### मप्र जनअभियान परिषद की स्थापना दिवस पर मनाया स्वैच्छिकता का पर्व



**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रकृति का संरक्षण करना ही भगवान की पूजा है। भारतीय संस्कृति एवं शास्त्र भी हमें यही प्रेरणा देते है। पीपल, आवला, बरगत सहित अनैक पेड की हम पूजा करते हैं। पर्यावरण को बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना है। यह बात मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की स्थापना दिवस पर आयोजित स्वैच्छिकता पर्व पर जिला पंचायत मंदसौर मे वरिष्ठपत्रकार ब्रजेश जोशी ने कही। वरिष्ठपत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि सामाजिक कार्य वही व्यक्ति कर सकता हैं जिस पर भगवान की कृपा होती है। कार्यक्रम में वरिष्?ठ समाजसेवी एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कियावत ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि जल संवर्धन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जो कार्य किया है वह समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं लोकमान्य तिलक हाई सेकेण्डरी स्कुल बालागंज के संचालक हिम्मत डांगी ने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा के संदेश का वाचन करते हुए कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण को बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद का गठन ही इसी उद्देश्य के साथ हुआ है। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा प्रदेश मे 2200 बावडियों का समाज के सहयोग से श्रमदान कर गरीकरण किया गया। जो जल संरक्षण के लिए एक मिशाल है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने भी वर्चुअल संवाद कर जनअभियान परिषद के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक एक तृप्ती वैरागी द्वारा मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनकी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान परिषद् द्वारा तैयार लघु फिल्मों का प्रदर्शन प्रतिभागियों को बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधे भैटकर किया गया। जिला पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्टकार्य करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन परामर्शदाता रूपदेव सिंह सिसोदिया ने किया। अंत में आभार विकासखंड समन्वयक नारायण सिह निनामा ने माना। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधी, नवांकुर संस्थाओं के कार्यक्रम समन्वयक, मुख्यमंत्री समुदायिकता नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ताओ एवं जिले के समाजसेवी विशेष रुप से उपस्थित थे।





# प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत वर्ल्ड लीडर बनेगा-गुप्ता

### सांसद एवं विधायक द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लेपटाप की राशि वितरीत

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** देश एवं प्रदेश की भावी पीढ़ी, प्रतिभाएं भारत को वर्ल्डलीडर बनाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी केनेतृत्व में देश 2047 तक वल्ड्लीडर बनेगा। देश का हर एक विद्यार्थी अनुशासन में रहकर अपने लक्ष्य को हांसिल करें। यह बात नीमच, मंदसौर, जावरा क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यामिक विद्यालय नीमच में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लेपटाप की राशि वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम को मुख्य् अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही।

इस मौके पर विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, न.पा.अध्यरक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव भी मंचासीन थे। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों का आव्हाणन किया, कि वे जिस क्षेत्र में भी जाना चाहे, उस क्षेत्र में जाने के लिए समर्पित होकर अपने लक्ष्य, मंजिल को हांसिल करने का प्रयास करें। उन्होने विद्यार्थियों से कहा, कि वे अच्छे वैज्ञानिक, डाक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति, व्यापारी आदि बनकर, अपना परिवार, गांव, शहर, और जिले और प्रदेश का नाम रौशन करें। उन्होने कहा, कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ रही है। पिछले 11 सालों में भारत काफी बदल गया है। सांसद ने विद्यार्थियों से कहा, कि यह समय उनके जीवन का टर्निंग पाईट है। इस समय वे अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे हांसिल करने का प्रयास करें। उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने कहा, कि शिक्षा ऐसा धन है, जो कोई भी किसी से छिन नहीं सकता, विधा, धन बांटने से बढता है। उन्होने कहा, कि प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए पाठ्य पुस्तकें, साईकिल, छात्रवृत्ति, लैपटाप, स्कूटी आदि अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। आज प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की जा रही है। विधायक ने कहा, कि उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में डोम निर्माण का कार्य भी शीघ्र करवाया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों को सुविधा होगी। सांसद श्री गुप्ता, विधायक श्री परिहार एवं अतिथियों ने प्रतिक स्वू 10 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटाप की राशि के चैक भी प्रदान किए। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया एवं श्री मनोज जैन, श्री प्रलय उपाध्याय व शिक्षकगणों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसे मंचासीन अतिथियों एवं बडी संख्या में विद्यार्थियों ने देखा व सुना। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, प्राचार्य श्री अनिल व्यास, श्री आदित्य मालू, श्री संतोष चौपडा, श्री लोकेश चांगल सहित विद्यालय का स्टाफ, बडी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## पंचायत स्तर पर राजस्व जनसुनवाई शिविर आज

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में उपखण्डत नीमच में 4 व 5 जुलाई को राजस्व मामलों के निराकरण हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम श्री संजीव साहू ने बताया कि इन शिविरों में रास्ता विवाद, अतिक्रमण, सीएम हेल्प लाईन, पीएम किसान, सीएम किसान सम्मान निधि एवं जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदनों का निराकरण किया जावेगा। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का 4 व 5 जुलाई 2025 को शतप्रतिशत निराकरण करने के लिये उक्त दिनांक को ग्राम पंचायत पर उपस्थित रहकर निराकरण करने के लिये तहसीलदारों और पटवारी गणों को निर्देशित किया गया है। उक्त राजस्व शिविर में सचिव, रोजगार सहायक, महिला बाल विकास के आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए गए हैं. शिविर के लिये प्रत्येक ग्राम में कोटवार द्वारा डोडी पिटवाकर प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश सभी संबंधित तहसीलदारों वह दिए गए हैं जिससे कि अधिक से अधिक जनुसनवाई कर निराकरण किया जा सकें। एसडीएम नीमच ने शिविरों में प्रत्येक ग्राम पचांयत में कितने आवेदन आये, नाम, विषय, मोबाईल नंबर आदि की जानकारी एकत्रित कर 5 जुलाई 2025, को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

## दीनबंधु बैरागी पुजारी संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मनासा, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी बरथून निवासी दीनबंधु बैरागी अ.भा. संत समिति धर्मसभा पुजारी संघ के नीमच



जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए। यह नियुक्ति संघ के प्रदेशाध्यक्ष महंत श्री सालगराम दास जी ने बैरागी की सक्रियता एंव पुजारीयों के लिए किए जा रहे संघर्ष को मद्देनजर रखेते हुए की। दीनबंधु बैरागी लंबे समय से देवस्थानो और पुजारीयों के हित संरक्षण में नीमच जिले में निरंतर सक्रिय रहे हैं। दीनबंधु बैरागी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर जिलेभर के पुजारीयों में खुशी है। बैरागी ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद कहा कि पुजारीयों की विभिन्न समस्याओं एंव देव स्थानों के उत्थाान के लिए लंबे समय से जो मांगे शासन प्रशासन से की जा रही है उसको अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुजारी संघ के माध्यम से पूरी इमानदारी से प्रभावी योगदान देंगे। प्रदेश नेतृत्व ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे सक्रियता पूर्वक निभाने का प्रयास करूंगा। दीनबंधु बैरागी के जिलाध्यक्ष बनने पर मनासा प्रेस क्लब के साथियों ने, गणमान्य पुजारियों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

# शिव महापुराण कथा एवं रूद्राभिषेक की तैयारियों को लेकर ओम शिव भक्त मंडल की बैठक संपन्न

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रावण मास की पवित्र बेला में नीमच नगर एक बार पुन: शिव भक्ति में रंगने को तैयार है। ओम शिव भक्त मंडल की एक अहम बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई, जिसमें आचार्य सत्य सिद्धा गिरी के सान्निध्य में 20 जुलाई से 26 जुलाई तक सीएसवी अग्राहा भवन में होने जा रही सप्ताहव्यापी शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। जानकारी में बताया गया कि प्रतिदिन रुद्राभिषेक का समय प्रात: 9 से 11 बजे तक रहेगा तथा शिव महापुराण कथा दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी।

**बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय-** रुद्राभिषेक में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए सहयोग राशि प्रतिदिन 2100 रूपये तथा संपूर्ण सप्ताह हेतु 11,000 रूपये निर्धारित की गई। कथा प्रारम्भ से पूर्व दीदी माँ के स्वागत हेतु 2100 रूपये एवं प्रतिदिन आरती हेतु 3100 रूपये और प्रसादी वितरण हेतु प्रति दिन 5100 का सहयोग अनुरोध किया गया है।

**सप्ताह भर सेवा हेतु इन श्रद्धालूओ ने 11000 सहयोग राशि की प्रदान-** प्रह्लाद राय गर्ग, राकेशजी पप्पू, शिव नारायण गर्ग, छाया वीरेंद्र जायसवाल, सुनील सिंहल, अजय भटनागर, प्रकाश मंडवारिया, घनश्याम शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, गोपाल गर्ग।

**रुद्राभिषेक का महत्व-** शिव पुराण के अनुसार रुद्राभिषेक के द्वारा भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। सावन मास में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। यह रोग, दोष, कष्ट और दरिद्रता को दूर कर मनोवांछित फल प्रदान करता है। दूध, शहद, गंगाजल, बेलपत्र आदि से शिवलिंग का अभिषेक कर श्रद्धालु आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति करते हैं।

**शिव महापुराण कथा का पुण्यफल-** यह कथा व्यक्ति को शिव तत्व से जोड़ती है, आत्मज्ञान का द्वार खोलती है और जीवन में धर्म, भक्ति व कर्म का सच्चा मार्ग दर्शाती है। कथा श्रवण करने से समस्त पापों का नाश होता है और ईश्वर कृपा का अनुभव होता है। आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों एवं शिवभक्तों से अनुरोध किया है कि वे समय रहते पंजीयन कराकर इस धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनें एवं पुण्य लाभ अर्जित करें। उक्त जानकारी संस्था की सचिव छाया वीरेन्द जायसवाल ने प्रदान की।



## गौ सेवक शर्मा बने विप्र सेना के प्रदेश प्रभारी

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी व विप्र सेना मध्यप्रदेश अध्यक्ष गुरुदेव रोहित नागर की अनुशंसा पर विप्र सेना मध्यप्रदेश राज्य प्रभारी के पद पर गौ सेवक समाजसेवी सुनील शर्मा को नियुक्त किया। आपकी नियुक्ति से समाज व संगठन मजबूत होगा यह नियुक्ति वृंदावन धाम गौशाला सेवा समिति तीतरोद पर की गई, जहा गौ सेवकों ने इष्टमित्रों ने सुनील शर्मा के उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं प्रेषित करी

## पड़ोसी को पीटा

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बरसात का पानी भरने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। रुपी निवासी रामसिंह भाटी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पडोसी प्रकाश पिता पन्नालाल सोलंकी उसके घर के सामने बारिश का पानी भरने पर गाली-गलौज करने लगा व मारपीट की। पुलिस ने प्रकाश पर केस दर्ज किया।

## भाई ने भाई को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। खड़पालिया निवासी भेरुलाल पिता राघुलाल ओड ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे भाई घनश्याम ओड ने मुझसे कहा कि तेरे कारण मेरा प्रधानमंत्री आवास पास नही हुआ और गाली-गलौज कर लोहे के पाइप की मूह पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिसने घनश्याम पर केस दर्ज किया।

## नि:शुल्क खुरपका-मुंहपका टीकाकरण 31 तक होगा

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उप सचांलक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम ( छअऊउझ-ऋचऊ) योजना के अंतर्गत जिले के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में खुरपका-मुँहपका टीकाकरण कार्यक्रम 31 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 4 माह से अधिक आयु के समस्त गो-भैंसवंशीय पशुओं में नि:शुल्क खुरपका-मुँहपका टीकाकरण किया जाएगा। खुरपका-मुँहपका बीमारी होने पर पशुओं के मुंह में छाले एवं पेरों में घाव हो जाते हैं। दुधारू पशुओं में दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। पशुपालक अपने ग्राम के निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर अपने संपूर्ण ग्राम में टीकाकरण करवाएं।

## जिला स्तरीय तिमाही बैठक आयोजित होगी

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री संजय दीक्षित द्वारा बताया गया की कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह या अगस्त 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं और आश्रितों से सैनिक सम्मेलन के लिए एजेंडा, पॉइंट, सुझाव, समस्याएँ ( जो कलेक्टर के स्तर पर समाधान होने लायक हो ) को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय मंदसौर में 20 जुलाई 2025 तक लिखित में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, पोस्ट द्वारा या ई-मेल करके पहुंचा सकते है ताकि निराकरण हेतु उन्हे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की तिमाही बैठक की कार्यवाही मेंसम्मिलित किया जा सके।

## एडीएम द्वारा जप्त वाहन राजसात करने का आदेश पारित

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मी गामड द्वारा पुलिस थाना जीरन के अपराध क्रमांक-54/2025, धारा 4,6,9(1) म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशु क्रुरता अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण में 3 जुलाई 2025 को आदेश पारित कर प्रकरण में जप्तशुदा वाहन महिन्द्रा पिकअप क्रमांक MP10ZD8724 तथा उसमें परिवहन किए जा रहे कुल 2 बैल (गौवंश) को म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के उल्लंघन के फलस्वरुप शासन हित में राजसात करने का आदेश दिया गया है।

# मप्र जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ स्वैच्छिकता पर्व



**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला नीमच द्वारा 4 जुलाई स्थावपना दिवस के अवसर पर स्वै.छिकता पर्व का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित किया गया। आयोजन में मुख्यि अतिथि जिला जन अभियान समिति के पूर्व उपाध्यतक्षद्धय एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री अशोक जोशी, श्री प्रवीण अरोंदेकर, संयुक्तष कलेक्ट र डॉ ममता खेडे, अति. मुख्यि कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अरविन्दि डामोर ने भारत माता के चित्र पर माल्यांपर्ण एवं दीप प्रज्ञावल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विकासखण्ड समन्वरयक महेन्द्र पाल सिंह भाटी एवं अर्चना भट्ट ने प्रदेश के माननीय मुख्यिमंत्रीजी व अध्यडक्ष जन अभियान परिषद डॉ. मोहन यादव तथा उपमुख्यममंत्रीजी व उपाध्यीक्ष श्री जगदीश देवड़ा के संदेश का वाचन किया। जिला समन्वरयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने स्थाापना दिवस पर जन अभियान परिषद के कार्यो एवं उपलब्धियों को बताया एवं परिषद के उपाध्यनक्ष श्री मोहन नागर का विडियों संदेश और परिषद के अनुकरणीय कार्यो पर आधारित लघु वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया। समाज में स्वैदच्छिकता के भाव को प्रोत्साृहन के लिए डॉ. ममता खेडे ने कहा कि आज हमारे स्वा मी विवेकानंदजी के समाधि का दिवस भी है हमें विवेकानंदजी एवं जन अभियान परिषद के प्रणेता स्वे. श्री अनिल माधव दवे के दिखाये गये मार्ग पर चलना होगा, जन अभियान परिषद शासन समाज के बीच एक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है, हमें समाज का सिपाही बनकर समाज के सतत विकास एवं पर्यावरण के संरक्षण के कार्य करना होगा तभी हम समाज में आपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेंगे। श्री प्रवीण अरोंदेकर ने अपने उदबोधन में कहा कि जन अभियान परिषद ने अपने प्रारंभ से ही समाज के छोटे-छोटे तबकों, वर्गो, समूहों में जाकर समाज के विकास को प्रगति देने का योजनाबद्ध कार्य किया है, प्रस्फुटन, नवांकुर एवं सीएम सी एल डी पी पाठ्यक्रम जेसी योजनाऐं जन अभियान परिषद की मजबूत नींव है यही नींव सफलता का पर्याय है। श्री अशोक जोशी ने कहा कि जन अभियान परिषद की टीम हर क्षेत्र में, हर कार्य में सदैव तत्परर रहती है, आम लोगो में जन अभियान परिषद के प्रति जो विश्वा स है उसके लिए प्रत्यतक्ष को प्रमाण की आवश्यअकता नहीं है, जल गंगा संवर्धन अभियान में भी परिषद ने काफी महत्वतपूर्ण भूमिका निभाई है। अतिथियों द्वारा सभी को स्वैरच्छिकता की शपथ दिलाई गयी साथ ही स्वै च्छिक संगठनों एवं उत्कृयष्टम कार्य करने वाले समाजकार्य विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रदान किये, कार्यक्रम उपरांत एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत जिला पंचायत स्थिति बगीचे में पौधारोपण किया गया। संचालन लेखापाल पवन कुमरावत ने एवं आभार श्री ताराचंद पाईवाल ने किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 37 | 1950 | 2200 |
| उडद | 14 | 3800 | 5899 |
| सोयाबीन | 6054 | 33000 | 4350 |
| गैहु | 5237 | 2330 | 2720 |
| चना | 378 | 5053 | 5530 |
| मसुर | 77 | 5750 | 6400 |
| धनिया | 39 | 5981 | 6796 |
| लहसुन | 10100 | 2700 | 8401 |
| मैथी | 385 | 3841 | 5301 |
| मुंगफली | 713 | 3800 | 5300 |
| अलसी | 731 | 6820 | 7032 |
| सरसो | 350 | 6421 | 6719 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 48 | 9000 | 10700 |
| प्याज | 2303 | 200 | 1050 |
| कलोंजी | 2 | 19699 | 19699 |
| तुलसी बीज | 9 | 10500 | 13341 |
| डॉलर | 22 | 6000 | 8201 |
| तिल्ली | 228 | 6620 | 8425 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 4 | 2241 | 2880 |
| असालीया | 11 | 6641 | 6641 |
| चियाबीज | 35 | 12501 | 15600 |





# मुख्यमंत्री ने जिले के 1589 प्रतिभावान बच्चों को लेपटाप के लिए लगभग 4 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की-सांसद गुर्जर

## लेपटॉप के लिए राशि वितरण कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय सहित सभी स्कूलों में आयोजित किया

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रात: 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मन्दसौर जिले के 1589 प्रतिभावान बच्चों को लैपटॉप के लिए 3 करोड़ 97 लाख 25 हजार की राशि सिंगल क्लिक से प्रदान की गई। प्रदेश के 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। पिछले वर्ष मंदसौर जिले के 1231 विद्यार्थियों को 25-25 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई थी। लैपटॉप के लिए राशि वितरण कार्यक्रम लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उचतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर सहित सभी स्कूलों में आयोजित किया गया। स्कूलों में भोपाल से प्रसारित लाइव कार्यक्रम को सभी शिक्षकों, बच्चों ने देखा तथा सुना। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में जिले के तीन विद्यार्थी रिद्धि भट्ट, ध्रुव कुमार टेलर, अंचल कुंवर सम्मिलित हुए। उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित लेपटॉप के लिए राशि वितरण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार, मंदसौर एसडीएम श्री शाक्य, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती टेरेसा मिंज, बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी, स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है। पिछले 15 वर्षों में ईस योजना में 4 लाख 32 हजार 16 विद्यार्थियों के बैंक खातों में 1080 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप के लिये अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि अब बच्चों के माता-पिता जागरूक हैं, बच्चे जागरुक हैं और सरकार भी उनके भविष्य को संवारने के लिए जागरुक है। बच्चे और अच्छे से पढ़ पाए, उन सभी के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि आज प्रदान की गई है। लेपटॉप खरीद कर बच्चे अच्छे से अध्यापन कार्य करें। प्रतिभा को और आगे बढ़ाये। अपने माता-पिता को कभी न भूले, उनके योगदान को हमेशा याद करें। इससे और अधिक सफलता मिलेगी। सरकार ने खुले आसमान में उड़ने के लिए पर लगाने का काम किया है। कार्यक्रम समापन के पश्चात प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। तत्पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

# गुरु पूर्णिमा पर्व 10 को, गायन-वादन एवं नृत्य से गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करेंगे प्रतिष्ठित कलाकार

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ''गुरु पूर्णिमा'' भारत की एक महान सांस्कृतिक परंपरा है, जो गुरु-शिष्य संबंध को आदर और श्रद्धा के साथ मनाने का पर्व है। इस अवसर पर गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा 10 जुलाई, 2025 को गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल सहित संस्कृति विभाग के प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित संगीत महाविद्यालयों में एक साथ गायन-वादन एवं नृत्य केन्द्रित आयोजन होंगे। भोपाल में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 10 जुलाई, 2025 को सायं 7 बजे से ''गुरु पूर्णिमा पर्व'' का आयोजन होगा। इसमें सबसे पहले सितार-संतूर जुगलबंदी की प्रस्तुति होगी, जिसे उज्जैन की सुप्रसिद्ध संस्कृति-प्रकृति वाहने (वाहने सिस्टर्स) द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद गायन जुगलबंदी ''गुरु सुमिरन'' होगी, जिसे सुश्री रुचिरा केदार, पुणे एवं सुश्री आस्था गोस्वामी, वृंदावन द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। संचालक श्री नामदेव ने बताया कि शासकीय संगीत महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ में सुश्री मधुमिता नकवी, भोपाल का गायन और सुश्री पलक पटवर्धन, उज्जैन का कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। शासकीय संगीत महाविद्यालय, उज्जैन में श्री रोहित - राहुल मिश्रा, बनारस का गायन और सुश्री दुर्गा शर्मा, बैंगलुरु का वायोलिन वादन होगा। इसी क्रम में शासकीय संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर में श्री संजय सिंह, दिल्ली का गायन और सुश्री भार्गवी शर्मा, इंदौर का एकल कथक नृत्य होगा। वहीं, शासकीय संगीत महाविद्यालय, खण्डवा में डॉ. ऋषि मिश्रा, दिल्ली का गायन और श्री सुरेन्द्र स्वर्णकार, उज्जैन द्वारा बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर में सुश्री योगिनी - श्री सुदीप, ग्वालियर का गायन और श्री विठ्ठल कुमार राजपुरा, इंदौर का पखावज वादन होगा। शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर में डॉ. लवली शर्मा, खैरागढ़ का सितार वादन और श्री मनोज पाटीदार, भोपाल का तबला एकल वादन होगा। शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर में श्री यश देवले, ग्वालियर का शास्त्रीय गायन और सुश्री नीलांगी कलंतरे, जबलपुर का कथक समूह नृत्य प्रस्तुति होगी। शासकीय संगीत महाविद्यालय, धार में श्री विजय सप्रे, भोपाल का शास्त्रीय गायन और डॉ. वी. अनुराधा सिंह, भोपाल की कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। सभी कार्यक्रमों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

## बर्डियागुर्जर के सचिव को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने ग्राम पंचायत बर्डियागुर्जर के सचिव बहादुर सिंह को वित्तीय अनियमितता करने, रिश्वत लेने, पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

ग्राम पंचायत बर्ड़ियागुर्जर के सचिव बहादुर सिंह द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जाकर एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की जाने पर इनको म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 भाग-2 (4) के अंतर्गत सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत सीतामऊरहेगा एवं नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने कहा कि, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देश अनुसार किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्यवाही होंगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता/ वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# बदलते भाव, बदलती उम्र-चलो करें बात मानसिक सेहत पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला संपन्न

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जन शौर्य सोशल वेलफेयर एंड डेवलपमेंट सोसायटी, नीमच तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बाछड़ा समुदाय की किशोरी बालिकाओं के लिए आयुष विभाग सभागार बैठक कक्ष में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला बदलते भाव, बदलती उम्र-चलो करें बात मानसिक सेहत पर का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या उपस्थित थीं।**

उन्होंने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, हमारे शरीर में परिवर्तन होते हैं, ठीक उसी तरह हमारे मस्तिष्क और भावनाओं में भी बदलाव आते हैं। यह प्रकृति का नियम है और हमें इन परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए अपने मन को संतुलित रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जन शौर्य संस्था की काउंसलर कनुप्रिया ने किशोरियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और इसके अंतर्गत उनके अधिकारों की रक्षा की जाती है। उन्होंने बालिकाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में साहसपूर्वक आवाज़ उठाने और उपलब्ध सहायता सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में किशोरियों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कई सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सहजता से



समाधान किया गया। इस पहल का उद्देश्य बाछड़ा समुदाय की किशोरियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित व सशक्त भविष्य के लिए तैयार करना रहा। इस अवसर पर जन शौर्य संस्था की टीम के जिला समवयक आविनाश चौहान श्याम मालवीय ब्लाक समन्वयक रमेश चंद्रावत काउंसलर कनुप्रिया कमुनिटी वर्कर राधिका नरेंद्र करीना तनु मालवीय एवं समुदाय की किशोरी बालिकाए भी उपस्थित थीं।

# महाराणा प्रताप शा. महाविद्यालय में दीक्षारम्भ समारोह मनाया



**सुवासरा, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महाराणा प्रताप शासकीय महाविद्यालय सुवासरा जिला मंदसौर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह मनाया गया।

जिसमे प्रथम दिन 01 जुलाई को महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महोदय श्री हरदीपसिंह डंग पधारे एवं उनके नेतृत्व में नवप्रवेशित विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थी, वरिष्ठ विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने पौधा रोपण करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दूसरे दिन हेल्प डेस्क के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म, फीस, संकाय एवं मेजर, माइनर इलेक्टिव विषयों की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार पाटीदार ने की और विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया। ग्रंथपाल भूपेंद्र रठा ने ग्रंथालय की गतिविधियों, क्रीड़ा अधिकारी श्री भगवान सिंह बघेल ने खेल संबंधी जानकारी दी। राजनीति विज्ञान के डॉ.शंभूसिंह सिसोदिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। कार्यालय प्रभारी श्री नीरज चौहान ने प्रवेश, फार्म एवं अन्य कार्यालयीन प्रकिया को समझाया। प्रो.अंजलि व्यास ने अंग्रेजी साहित्य विषय और गांव की बेटी योजना के बारे में विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.सुरेश देवड़ा ने किया। महाविद्यालय स्टाफ से राजेश कल्याणे और अरविंद जोशी ने सहयोग प्रदान किया।

# जाते-जाते भी दीपक दो परिवारों में रोशनी कर गए

## लायंस क्लब के माध्यम से हुआ नेत्रदान



मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए युवा व्यवसायी दीपक जैन जाते-जाते भी दो परिवारों में रोशनी कर गए। उनके निधन पश्चात् लायंस क्लब के माध्यम से हुए नेत्रदान से दो दृष्टिहिनों को ज्योति मिलेगी। पारसमल जैन के सुपुत्र दीपक जैन की एक्सीडेंट में दुखद मृत्यु होने के उपरांत परिजनों ने इस विषम परिस्थितियों में भी दिवंगत आत्मा का नेत्रदान लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से कराया। नेत्र उत्सर्जन डॉ. किशोर शर्मा एवं डॉ. विक्रांत भावसार ने किये। लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव डॉ. विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, सीए प्रतीक डोसी, संदीप धींग, सुनील बाफना, प्रेम पाटीदार, पंकज दोषी, शैलेंद्र चौरड़िया, पंकज पोरवाल, जे.पी. बाहेती आदि लायन साथियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार को उनके निर्णय के लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

## जिले में अब तक 198.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 198.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 4.7 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 14.0 मि.मी., सीतामऊमें 16.6 मि.मी., सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 0मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 10.0 मि.मी., शामगढ़ में 0 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., क्यामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 12.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 313.0 मि.मी., सीतामऊमें 144.6 मि.मी. सुवासरा में 96.4 मि.मी., गरोठ में 173.8 मि.मी., भानपुरा में 425.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 109.0 मि.मी., धुधंड़का में 205.0 मि.मी., शामगढ़में 160.2 मि.मी., संजीत में 132.0 मि.मी., क्यामपुर में 107.7 मि.मी. एवं भावगढ़ में 311.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1289.47 फीट है।

# मारपीट करने के आरोपी को 03 वर्ष का कारावास

**नीमच, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान डॉ. श्रीमती रेखा मरकाम, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच द्वारा शराब दुकान के बहार मोटरसायकल खड़ी करने की बात को लेकर तीन व्यक्तियों के साथ मारपीट कर गंभीर चोटे पँहुचाने वाले आरोपी सुनिल पिता बद्रीलाल गुर्जर, आयु-38 वर्ष, निवासी जीरन, जिला नीमच को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 वर्ष के कारावास एवं 2000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओ श्री राजेन्द्र प्रभुदयाल नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 25.02.2017 को दिन के लगभग 3 बजे रावण मगरा स्थित शराब की दुकान के बाहर, जीरन की हैं। घटना दिनांक को फरियादी प्रभुलाल मीणा उसके साथीगण किशोर बंजारा व मुकेश भील के साथ रावण मगरा, जीरन शराब पीने के लिए गए जहाँ पर मोटरसायकल खड़ी करने की बात को लेकर उनका आरोपी से विवाद हो गया, जिस कारण आरोपी ने लोहे कि राड तीनों के साथ मारपीट की थी। मारपीट के कारण प्रभुलाल का पैर फ्रैक्चर हो गया था तथा अन्य दोनो को भी चोटे आई थी। मौके पर उपस्थित लोगो ने बीच-बचाव किया था। फरियादी की रिपोर्ट पर से पुलिस थाना जीरन में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई एवं आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में तीनो आहतगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र प्रभुदयाल नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।

## रेत माफिया ने मैहर में नायब तहसीलदार व टीम को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश, आरोपी हुआ फरार

**मेहर/सतना, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एमपी में रेत माफियाओं की दबंगई लगातार सामने आती रही हैं, ऐसा ही मामला मैहर के कुबरी गांव में आज शुक्रवार 4 जुलाई को सामने आया है, जहां नायब तहसीलदार रोशन रावत पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की गई। गनीमत है कि वह बाल-बाल बच गए। घटना के समय 40 से 50 ग्रामीण मौजूद थे। मामले में रामनगर थाने में शिकायत की जा रही है। नायब तहसीलदार रावत के मुताबिक, वे तीन पटवारियों के साथ मुन्नी बाई रजक की शिकायत पर अतिक्रमण हटाने गया था। इस बीच गांव में अवैध रेत खनन की गतिविधि दिखी। मैंने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। हम लोग जब उनसे पूछताछ कर रहे थे, तभी ट्रैक्टर के ड्राइवर रावेंद्र उर्फ नेपाली ने मुझे और मेरी टीम को कुचलने की कोशिश की और सड़क पर रेत गिराते हुए भाग गया। मैंने और मेरी टीम ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

# भाई-बहन को सांप ने काटा, गंभीर

**नीमच, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कैंट थाना क्षेत्र के गांव भरभड़िया में सांप के काटने से दो बच्चे गंभीर हो गये। 15 वर्षीय निकिता और 9 वर्षीय भावेश छत पर बने कमरे में सो रहे थे। रात करीब 02 बजे निकिता की नींद खुली। उसने कमरे में सांप देखा। इसी दौरान सांप ने दोनों भाई-बहन को काट लिया। निकिता ने तुरंत अपने माता-पिता को जगाया। परिजन रात में ही निकिता को बड़े अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार शुरू हुआ। सुबह 05 बजे भाई भावेश की स्थिति बिगडने लगी। परिजन उसे भी अस्पताल लेकर पहुंचे। निकिता का उपचार ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। भावेश को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है।दोनों बच्चे कमलेश बावरी के हैं और भरभड़िया के रहने वाले हैं। अस्पताल में दोनों का इलाज जारी है।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक6 जुलाई 2025, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे, पद्मावती रिसोर्ट, इंद्रा कॉलोनी के सामने से प्रारम्भ होकर इंद्रा कॉलोनी, नानेश विहार, अग्रसेन नगर, पशुपतिनाथ विहार, मन्दसौर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल पद्मावती रिसोर्ट, इंद्रा कॉलोनी के सामने, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनातंर्गत विभिन्न घटकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक उद्यानिकी विभाग श्री सोलंकी द्वारा बताया गया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न घटकों जैसे आम, अमरूद, अनार, नींबू वर्गीय फसल के नवीन बगीचों की स्थापना संकर सब्जी, मसाला, पुष्प, औषधीय फसल, प्याज तथा लहसुन क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक् मल्चिंग, शेडनेट हाउस में सब्जी/गुलाब की खेती, जैविक खेती वर्मी बेड इकाई तथा कृषि यंत्र 20 पीटीओ एचपी तक ट्रेक्टर, पॉवर टीलर, पॉवर नेपसेक स्प्रेयर, फल बंच कंवर, वीडमेट, इको फ्रेंडली लाईट ट्रेप, सोलप क्रॉप ड्रायर, मधुमक्खी पालन की खेती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अत: योजना का लाभ लेने हेतु किसान भाई नजदीक के ऑनलाइन केन्द्र पर जाकर विभाग की वेबसाइट mpfsts.mp.gov.in पर पंजीयन करें।

## घर पर पत्थर फेंके

**पिपलियामंडी, 04 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** घर पर पत्थर फेंकने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। खेड़ा खदान निवासी भंवरलाल पिता रतनलाल गुर्जर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि तीन-चार चार पहिया वाहन में सवार होकर घर पर आए सुजानपुरा निवासी तेजपालसिंह पिता हरिसिंह राजपूत, जितेन्द्रसिंह पिता विक्रमसिंह राजपूत व बबलू, सोनी निवासी कुलदीपसिंह पिता वीरेन्द्रसिंह राजपूत आदि आए और बोले कि दशरथ गुर्जर कहां है, उसने हमारा मोबाइल छिना है। सभी ने गाली-गलौज की, बाद में घर से निकलने के बाद दरवाजे पर पत्थर फेंके।



## एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया

**मंदसौर, 4 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** 4 जुलाई को शा. उत्कृष्ट उमावि मंदसौर के परिसर में एक पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण के लिए एक पौधा माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधे लगाए गये। इस अभियान में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, एसएमडीसी सदस्य सुनीता भावसार, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री सुनील जैन महाबली, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल सोनगरा, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्री अनुकूल जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज, एडीपीसी श्री लोकेन्द्र डाभी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री आनंद डावर, जिला योजना अधिकारी श्री दिलीप मुजावदिया, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता प्रधान एवं विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्रा उपस्थित रहें।

# झारखंड प्रदेश में प्रवेश दा सहित चार नक्सली हैं एक करोड़पति इनामी

**रांची, 4 जुलाई।** प्रदेश में चल रहे लगातार नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के रणनीति बदलने की आशंका है। झारखंड प्रदेश पुलिस को इनपुट मिले हैं कि नक्सली अब समानांतर संगठन खड़ा करने की कोशिश में लगे हैं। इसको लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को सतर्क रहने और माओवादी गतिविधियों की त्वरित निगरानी करने का निर्देश दिया है। पुलिस महानिदेशक की ओर से सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और अधिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नक्सलियों से जुड़े किसी भी स्पिलिंटर ग्रुप (विभाजित गुट) की पहचान कर उसके खिलाफ तत्काल कारवाई की जाए।



इन समूहों की गतिविधियां भले ही सीधे माओवादी नाम से न हों, लेकिन उनका कामकाज, प्रचार-प्रसार और रणनीति माओवादी विचारधारा से मेल खाता है। पुलिस को आशंका है कि माओवादी, घटती सदस्यता और कमजोर होती पकड़ के चलते अब नए नाम से छोटे-छोटे संगठन बना रहे हैं, ताकि युवाओं को भ्रमित कर फिर से आंदोलन से जोड़ सकें।फिलहाल वर्तमान में झारखंड प्रदेश में एक करोड़ के इनामी चार नक्सली हैं, जिनमें पोलित ब्यूरो मेंबर में मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल जी उर्फ सागर, सेंट्रल कमेटी मेंबर में असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर, अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश और अनुज उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश उर्फ अमलेश हैं। प्रवेश दा को यह पद इस वर्ष 21 अप्रैल को बोकारो में हुए मुठभेड़ में प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की मौत के बाद सौंपा गया। प्रयाग मांझी की मौत के बाद माओवादी संगठन में नेतृत्व संकट उत्पन्न हो गया था, जिसके बाद प्रवेश को केंद्रीय कमेटी में शामिल किया गया। वह वर्तमान में पीबीपीजे (पूर्वी बिहार-पूर्वी झारखंड) का क्षेत्रीय सचिव है और संगठन विस्तार की साजिश में जुटा है भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व में शामिल नक्सली अनुज उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश उर्फ अमलेश उर्फ प्रवेश दा पर सरकार ने एक करोड़ का इनाम घोषित किया है। इससे पहले उसपर 25 लाख रुपये का इनाम था, लेकिन अब उसे केंद्रीय कमेटी का सदस्य बनाए जाने के बाद इनाम की राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की गई। प्रवेश दा मूल रूप से हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के भंडोरी गांव का निवासी है। प्रवेश दा वर्ष 2013 में उस समय सुर्खियों में आया था, जब गिरिडीह में कैदी वाहन ब्रेक कांड हुआ था। उस दौरान नक्सलियों ने पुलिस की हिरासत में ले जाए जा रहे वाहन पर हमला कर कई माओवादियों को छुड़ा लिया था, जिनमें प्रवेश दा भी शामिल था।


**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक L-II-307 श्री शेलेन्द्र सिंह राठौर पिता श्री करण सिंह राठौर एवं रतना कुंवर पति श्री शेलेन्द्र सिंह राठौर मण्डल आदेश क्रमांक 1642 दिनांक 03.07.2014 द्वारा संयुक्त रूप से नामांतरित किया गया था। उक्त भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 20.07.2023 इनके पक्ष में पंजीबद्ध करवाया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती शारदा बावरी पिता श्री अमर सिंह सोलंकी को कर विक्रय पत्र दिनांक 01.03.2025 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामान्तरण श्रीमती शारदा बावरी पिता श्री अमर सिंह सोलंकी अपने नाम पर करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती शारदा बावरी पिता श्री अमर सिंह सोलंकी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)**




# सामाजिक समरसता कार्यक्रम

सायं 6:00 बजे | दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

# विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

अपराह्न 4:00 बजे | आई एस बी टी, ग्वालियर

**मुख्य अतिथि**

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**गरिमामयी उपस्थिति**

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
केन्द्रीय मंत्री, संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधानसभा

**5 जुलाई, 2025**

## समरस समाज की स्थापना के सतत प्रयास

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि महू, महानिर्वाण स्थल दिल्ली, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और शिक्षा स्थल लंदन 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' में सम्मिलित

महू को अंतर्राष्ट्रीय स्थल के रूप में विकसित करते हुए **अम्बेडकर इंटरनेशनल रिसर्च सेंटर एवं स्मारक संग्रहालय का विकास** एवं महू रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ **अम्बेडकर नगर स्टेशन**

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना - स्व-रोज़गार के लिए डेयरी इकाई लगाने हेतु ₹42 लाख तक ऋण
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना - अनुसूचित जाति के युवाओं को ₹1 लाख तक की स्व-रोज़गार अनुदान सहायता
- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर उद्योग उदय योजना - एमएसएमई क्षेत्र में अनुसूचित जाति-जनजाति उद्यमियों को वित्तीय सहायता
- अम्बेडकर गौ-शाला विकास योजना - आधुनिक गौ-शालाओं हेतु 125-150 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं में सर्वोच्च अंक लाने पर ₹30 हजार का पुरस्कार
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना - अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
- भोपाल में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा गया
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य - सागर में 258.64 वर्ग कि.मी. में प्रदेश का 25वां अभयारण्य

D-11058/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in